an>

Title: Need to provide compensation to the families of the employees of Konkan Krishi Vidyapeeth, Dapoli who died on 28th July in an accident during office picnic.

श्री अरविंद सावंत (मुम्बई दक्षिण) : महोदया, आपने मुझे शून्यकाल में बोलने का मौका दिया, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

मैं बहुत ही दुखी अंत:करण से यहाँ खड़ा हूँ। महाराष्ट्र के दापोली में डॉ. बालासाहेब सावंत कोंकण कृषि विद्यापीठ है। उस विद्यापीठ के कर्मचारी 28 जुलाई को पिकनिक के तौर पर एक बस द्वारा महाबलेश्वर जा रहे थे। बीच में एक अम्बेनली घाटी है, उस घाटी में जाते समय दुर्घटना हुई और बस बहुत गहरी खाई में, 600 फीट नीचे खाई में गिरी। उस बस में 34 लोग सवार थे। उनमें से सिर्फ एक व्यक्ति जीवित बचा, बाकी सभी लोगों की मृत्यु हो गई। साधारणतया जब ऐसी घटना होती है तो आपकी तरफ से ही श्रद्धांजलि का प्रस्ताव आता है। मैं ऐसी अपेक्षा कर रहा था। मैंने आपसे जाकर विनती की, आपने मुझे अनुमति दे दी। मैं इसके लिए आपको खास तौर पर धन्यवाद देता हूँ।

अध्यक्ष महोदया, इनमें से केवल एक व्यक्ति, जिसकी उम्र 57 वर्ष थी, उसे छोड़कर बाकी सभी लोग 35 वर्ष से 45 वर्ष की उम्र के थे। मैं सरकार का इस तरफ ध्यान आकर्षण करते हुए विनती करना चाहता हूं कि इस परिवार को सहायता देने की आवश्यकता है। अगर आप उन सारे लोगों के परिवारों को देखें तो उनमें पत्नी, दो बच्चे हैं। अगर उनके परिवार में लड़की है, तो वह दस वर्ष की उम्र की है, किसी की उम्र बारह वर्ष की है। उनके पूरे परिवार की स्थिति इस कारण ध्वस्त हो रही है। अगर आप कृषि विद्यापीठ में जाएंगे तो आपको पता चलेगा कि हम इधर भी किसी श्मशान में आए हैं। वहां पूरा ऑफिस-का-ऑफिस खाली है। यह दुर्घटना बहुत ही विदीर्ण करती है, यह हृदय-द्रावक है।

महोदया, मैं आपके माध्यम से सरकार से विनती करता हूं कि सरकार कहीं से भी इन परिवारों की सहायता करे। उनके दु:ख में हम भी शामिल हैं, यह लोक सभा भी शामिल है। आपके माध्यम से सरकार को यह समझना चाहिए। हम सभी उन परिवारों के दु:ख के साथ हैं और आप से फिर मांग करता हूं कि उन परिवारों को सरकार की तरफ से कुछ सहायता दी जाए।

माननीय अध्यक्ष: कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल, श्री भैरों प्रसाद मिश्र, श्री आधलराव पाटील शिवाजीराव, श्री श्रीरंग आप्पा बारणे एवं डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे को श्री अरविंद सावंत द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।